NCERT SOLUTIONS

CLASS - 7th

aglasem.com

Class : 7th

Subject : Hindi

Chapter : 11

Chapter Name : रहीम के दोहे

Q1 पाठ में दिए गए दोहों की कोई पंक्ति कथन है और कोई कथन को प्रमाणित करने वाला उदाहरण। इन दोनों प्रकार की पंक्तियों को पहचान कर अलग-अलग लिखिए।

Answer.

कथन वाले दोहे –

कहि रहीम संपति सगे, बनत बहुत बहु रीत।

बिपति कसौटी जे कसे, तेई साँचे मीत।।

इस दोहे में बताया है कि संपत्ति होने पर तो सब साथ होते है लेकिन कठिन समय में जो साथ रहे वही सच्चा मित्र होता हैं |

कथन को प्रमाणित करने वाले दोहे –

थोथे बादर क्वार वके, ज्यों रहीम घहरात।

धनी पुरुष निर्धन भए, करें पाछिली बात।।

गरीब लोग जो पहले अमीर थे वे अपनी पुरानी बातें लोगों को बताकर गर्व करते हैं | कवि ने इस कथन को क्वार के बादल का उदाहरण देकर प्रमाणित किया हैं |

Page : 84 , Block Name : दोहे से

Q2. रहीम ने क्वार के मास में गरजने वाले बादलों की तुलना ऐसे निर्धन व्यक्तियों से क्यों की है जो पहले कभी धनी थे और बीती बातों को बताकर दूसरों को प्रभावित करना चाहते हैं? दोहे के आधार पर आप सावन के बरसने और गरजने वाले बादलों के विषय में क्या कहना चाहेंगे?

Answer. क्वार के महीने में बादल केवल गरजते है, उनके बरसने की संभावना बहुत कम होती है | सावन के बादल ही ज्यादातर बरसते हैं | इसी प्रकार जो निर्धन व्यक्ति पहले अमीर थे वे केवल अपने पुराने समय की कल्पना करके लोगों को प्रभावित ही कर सकते हैं | उनके वापस अमीर होने की संभावना कम ही होती है |

Page : 84 , Block Name : दोहे से

aglasem.com

दोहों से आगे

- नीचे दिए दोहों में बताई गई सच्चाइयों को यदि हम अपने जीवन में उतार लें तो उनके क्या लाभ होंगे? सोचिए और लिखिए –

(क) तरुवर फल ………… सचहिं सुजान||

(ख) धरती की-सी ………… यह देह||

Answer.

(क) इस दोहे में रहीम ने कहा है कि जिस तरह पेड़ अपने फल स्वयं नहीं खाते, सरोवर अपना जल स्वयं नहीं पीते उसी तरह सज्जन पुरुष अपने धन को दूसरों के हित के लिए उपयोग करते हैं | यदि हम भी अपने जीवन में इस सच्चाई को उतार ले तो हम भी अपने जीवन को सार्थक बना सकते हैं | अपने ज्ञान का, अपने धन का उपयोग जनहित में कर सकते हैं |

(ख) इस दोहे में रहीम ने कहा है कि जिस तरह धरती हर परिवर्तन को सहज रूप से लेती है उसी तरह हमारा शरीर भी होना चाहिए | यदि हम भी धरती की तरह सहनशील हो जाये तो अपने जीवन में आने वाली किसी भी परिस्थिति को हम आसानी से स्वीकार कर सकते हैं |

Page : 85 , Block Name : दोहों से आगे

aglasem.com

भाषा की बात

Q1. निम्नलिखित शब्दों के प्रचलित हिंदी रूप लिखिए-

जैसे-परे-पड़े (रे, डे)

बिपति बादर

मछरी सीत

Answer.

बिपति – विपत्ति

बादर - बादल

मछरी - मछली

सीत - शीत

Page : 85 , Block Name : भाषा की बात

Q2. नीचे दिए उदाहरण पढ़िए-

(क) बनत बहुत बहु रीत।

(ख) जाल परे जल जात बहि।

उपर्युक्त उदाहरणों की पहली पंक्ति में 'ब' का प्रयोग कई बार किया गया है और दूसरी में 'ज' का प्रयोग। इस प्रकार बार-बार एक ध्वनि के आने से भाषा की सुंदरता बढ़ जाती है। वाक्य रचना की इस विशेषता के अन्य उदाहरण खोजकर लिखिए।

Answer.

- संपत्ति- सचहिं सुजान ||
- मुदित महीपति मंदिर आए ||
- सुरुचि सुबास सरस अनुरागा ||
- तरनि तनुजा तट तमाल तरुवर बहु छाए ||

Page : 85 , Block Name : भाषा की बात

aglasem.com